# LAC से भारत-चीन सैनिकों की वापसी

## प्रलिम्सि के लिये :

[वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC)](), [डेपसांग मैदान](), [गलवान घाटी](), [पैंगोंग त्सो](), [ब्रिक्स](), [सियाचिन ग्लेशियर](), [अक्साई चिन](), [दारबुक-श्योक-डीबीओ रोड](), [G-20]()।

## मेन्स के लिये :

भारत-चीन सीमा विवादों का प्रबंधन, सीमा विवादों के समाधान हेतु रोडमैप।

स्रोत: TH

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर चीन के साथ लगभग **75% सैनिकों की वापसी संबंधी समस्याओं** को **सुलझा लिया गया है**।

- हालाँकि **डेमचोक और डेपसांग मैदानी क्षेत्र में** पिछले दो वर्षों में समस्या के समाधान की दिशा में **कोई प्रगति देखने को नहीं मिली** है।

## LAC पर भारत-चीन के बीच सैनिकों की वापसी के संबंध में हाल ही में क्या घटनाक्रम हुए हैं?

- **सत्यापित वापसी:** भारत और चीन दोनों ने गैलवान घाटी, पैंगोंग सो **तथा** गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स सहित **पाँच संघर्ष बिंदुओं से पीछे हटने को लेकर पारस्परिक सहमति व्यक्त की है** एवं सत्यापित वापसी की है।
  - हालाँकि **डेमचोक और डेपसांग का मुद्दा अभी भी अनसुलझा है।**
- **सैनिकों की वापसी का कारण:** हाल ही में उच्च स्तरीय राजनयिक वार्ता के परिणामस्वरूप **LAC पर सैनिकों की वापसी का निर्णय लिया गया है**।
  - भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स **NSA** की बैठक के दौरान **चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की।**
  - **साथ ही आशा की जा रही है कि आगे भविष्य में भी और अधिक सैनिकों के पीछे हटने की कार्रवाई देखी जा सकती है तथा ऐसा आकलन** आगामी **ब्रिक्स शिखर सम्मेलन जो कि रूस के कज़ान** में अक्तूबर में होगा, में दोनों देशों (भारत -चीन) के नेतृत्वकर्त्ताओं के मध्य होने वाली वार्ता के आधार पर लगाया जा रहा है।
- **सैनिकों की वापसी का महत्त्व: भारत-चीन सीमा मामले पर परामर्श और समन्वय के लिये कार्य तंत्र (WMCC)** की 31वीं बैठक को **"स्पष्ट, रचनात्मक तथा दूरदर्शी"** बताया गया एवं पक्षों से **"मतभेदों को कम करने"** व **"शेष मुद्दों का शीघ्र समाधान निकालने" का आग्रह किया गया है।**
  - सीमा गतिरोध पर द्विपक्षीय वार्ता में **पहली बार** "मतभेदों को कम करना" पद का इस्तेमाल किया गया एवं भविष्य में भी गतिरोध कम होना आशंका है।


## सैनिकों की वापसी से संबंधित चुनौतियाँ:

- **अवरुद्ध वार्ताएँ:** कई दौर की वार्ताओं के बावजूद डेमचोक और डेपसांग पर समझौते नहीं हो पाए हैं।
- **सैन्य निर्माण: भारत और चीन दोनों ने 3,488 किलोमीटर लंबी LAC** पर **बुनियादी ढाँचे का विकास** तथा **सैन्य तैनाती जारी रखी है।**
  - दोनों देशों के लगभग **50,000-60,000 सैनिक** वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात हैं।
- **गतिरोध बढ़ने की आशंका: चीन द्वारा बड़े पैमाने पर बुनियादी ढाँचे और नए हथियारों** के निर्माण ने यथास्थिति को मौलिक रूप से बदल दिया है। भारत ने भी इसी तरह के बुनियादी ढाँचे एवं क्षमता वृद्धि के साथ उत्तर दिया है।
  - किसी भी भ्रामकता की स्थिति में **सैन्य क्षमताओं में वृद्धि तेज़** हो सकती है।

## डेपसांग मैदान और डेमचोक का सामरकि महत्त्व क्या है?

- **डेपसांग मैदान:** डेपसांग मैदान **रणनीतकि रूप से महत्त्वपूर्ण** क्षेत्र है, क्योंकि PLA के नियंत्रण से **सियाचनि ग्लेशियर पर भारत के नियंत्रण को खतरा है**, जिससे भारतीय सेना **चीन और पाकिस्तान दोनों से घरि जाती है।**
  - चीन और पाकिस्तान के दोहरे **हमले की स्थिति में** सियाचिन ग्लेशियर पर **भारत की सैन्य स्थिति अत्यंत कमज़ोर** हो जाएगी।
  - यहाँ मौजूद **समतल भूमि के कारण** भारतीय सेना इसे लद्दाख में **सबसे सुभेद्य क्षेत्र के रूप में निर्देशित करती है,** जो **मशीनी युद्ध के लिये उपयुक्त है और अक्साई चिन** क्षेत्र तक सीधी पहुँच प्रदान करता है।
- **डेमचोक:** डेमचोक पर नियंत्रण **अक्साई चिन क्षेत्र** में चीनी गतिविधियों और हलचलों पर **प्रभावी निगरानी की अनुमति देता है।**
  - यह **सड़क और संचार संपर्क को बढ़ावा देता है** जो **त्वरित सैन्य लामबंदी** तथा सैन्य सहायता के लिये आवश्यक है।

//




## भारत एवं चीन के मध्य गतिरोध के प्रमुख क्षेत्र कौन-से हैं?

- **पैंगोंग झील क्षेत्र:** इस क्षेत्र में भारत और चीन की **सेनाओं द्वारा गश्त की जाती है।**
  - झील के उत्तरी किनारे को **8 फिंगर्स में विभाजित किया गया है। भारत फिंगर 8 तक** अपना क्षेत्र होने का दावा करता है जबकि **चीन का मानना है कि इसका क्षेत्र केवल फिंगर 4** तक है।
    - झील में उभरी हुई पर्वत चोटियों को सैन्य भाषा में 'फिंगर्स' कहा जाता है।
- **डेमचोक क्षेत्र:** इस क्षेत्र में चीनी गतिविधि और **भारी उपकरणों के स्थानान्तरण की सूचना मिली है।**
- **गलवान नदी बेसिन:** उपग्रह चित्रों में गलवान नदी बेसिन के निकट **चीनी टेंटों को देखा गया है,** जो पारंपरिक रूप से भारतीय सैन्य कब्ज़े वाले क्षेत्रों में **चीनी घुसपैठ का संकेत देते हैं।**
- **गोगरा पोस्ट: गोगरा पोस्ट के** निकट चीनी सैन्य निर्माण ने गतिरोध को बढ़ाया है।
- **दौलत बेग ओल्डी (DBO): चीन ने** भारतीय सीमा में स्थित **दौलत बेग ओल्डी (DBO) क्षेत्र** में अतिक्रमण किया।
  - भारत के लिये शीतकालीन अभियानों हेतु महत्त्वपूर्ण DBO हवाई पट्टी तक 255 किलोमीटर लंबी दारबुक-श्योक-DBO सड़क मार्ग से पहुँचा जा **सकता** है।

## LAC पर चीन की आक्रामकता का कारण?

- **बुनियादी ढाँचे के प्रति संवेदनशीलता: चीन का आक्रामक रुख भारत के हालिया बुनियादी ढाँचे (** जिसे एक खतरे के रूप में या भारत के रणनीतिक

सुधारों का **पहले से ही मुकाबला करने** के रूप में देखा जा सकता है) **के वकिास** से प्रभावति हो सकता है।

- **दबाव डालना:** चीन की कार्रवाई का उद्देश्य भारत पर **दबाव डालना हो सकता है।**
    - ऐतहासिकि रूप से दोनों देशों की रेड लाइन्स स्पष्ट थीं लेकनि वर्तमान में **कई घुसपैठें** भारत पर दबाव बनाने की रणनीतिका संकेत देती हैं।
- **वुल्फ-वॉरियर कूटनीति:** चीन का आक्रामक कूटनीतकि रुख (जसि **"वुल्फ-वॉरियर कूटनीति" के रूप में जाना जाता है)** वास्तवकि नयिंत्रण रेखा पर उसके **सैन्य दृष्टकिोण** में देखा जा सकता है।
    - यह चीनी राजनयकिों द्वारा अपनाई गई **सार्वजनकि कूटनीतिका टकरावपूर्ण रूप है।**
- **लाभ उठाने की रणनीति:** सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रयिता को बढ़ाना, द्वपिक्षीय संबंधों और **G-20 तथा ब्रकिस** जैसे अन्य मुद्दों पर भारत से **लाभ उठाने की चीन की व्यापक रणनीतिका हसि्सा हो सकता है।**
- **आर्थकि और कूटनीतकि दबाव: कोवडि-19 महामारी** तथा वुहान में इसकी उत्पत्तिके कारण आर्थकि कठनिाइयों एवं तनावपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के बीच **शक्तिप्रदर्शन** की आवश्यकता से चीन की कार्रवाइयाँ प्रभावति हो सकती हैं।




## चीन-भारत सीमा ववािद को सुलझाने के लयि क्या कयिा जा सकता है?

- **LAC का नर्धिारण: LAC को स्पष्ट करने** के प्रयास फरि से शुरू होने चाहयि। इससे ओवरलैपगि वाले क्षेत्रों में **संभावति टकराव से बचा जा सकेगा।**
- **बफर ज़ोन:** मौजूदा बफर ज़ोन को स्थायी बनाने और लगातार गतरिोध वाले क्षेत्रों में **नए बफर ज़ोन बनाने पर वचिार करना चाहयि। दोनों पक्षों को** इन बफर ज़ोन की **रक्षा के लयि तैयार रहना चाहयि।**
- **समझौतों का पालन करना: संघर्षों पर प्रतबिंध सहति** मौजूदा **द्वपिक्षीय समझौतों का पालन करना जारी रखना** चाहयि तथा प्रतबिद्धताओं की पुष्टिके लयि संयुक्त सार्वजनकि नर्दिेश जारी करने चाहयि।
- **नो-पैट्रोल ज़ोन:** ववािदति क्षेत्रों में **नो-पैट्रोल ज़ोन** स्थापति करने चाहयि।
- **ड्रोन उपयोग:** खुफयिा जानकारी जुटाने, नगिरानी और टोही के लयि **ड्रोन के उपयोग** मापदंडों पर सहमतिबनानी चाहयि।
- **पारस्परकि सुरक्षा समझौता:** "पारस्परकि और समान सुरक्षा के सद्धिांत" के आधार पर सीमा के पास **बलों, हथयिारों तथा सुवधिाओं के स्वीकार्य स्तरों** पर समझ तक पहुँचने का प्रयास करना चाहयि।
- **तीसरे पक्ष के संबंधों का प्रभाव:** दोनों पक्षों को इस बात के प्रतिसंवेदनशील होना चाहयि कि **तीसरे पक्ष (जैसे- भारत के लयि अमेरकिा, चीन के लयि पाकसि्तान) के साथ उनके संबंध** दूसरे की धारणाओं और कार्यों को कसि प्रकार प्रभावति कर सकते हैं।

## नष्िकर्ष

**औपनवेिशकि काल के नर्णियों** में नहिति चीन-भारत सीमा ववािद, बढ़ते **राष्ट्रवाद और राज्य की मुखरता के कारण तीव्र हो गया है।** वर्ष 2020 में लद्दाख क्षेत्र में हुए संघर्षों से यह संबंध कमज़ोर हुए हैं, जससि **आपसी अवश्विास के साथ सैन्य संघर्ष को बढ़ावा मलिा है। शांतिबनाए रखने के लयि भारत और चीन के संबंधों को बेहतर बनाने के साथ मज़बूत बफर ज़ोन** स्थापति करने चाहयि तथा शीर्ष अधकिारयिों के बीच संचार में सुधार को महत्त्व देना चाहयि। **रणनीतकि प्रतस्पि‍र्द्धा** से सीमा समझौता जटलि होने के साथ उच्च-स्तरीय संवाद आवश्यक हो जाता है।

***[illegible]:***

प्रश्न: भारत और चीन भवषि्य में गतरिोध को रोकने के लयि संघर्ष प्रबंधन के प्रतिअपने दृष्टकिोण में कसि प्रकार बदलाव ला सकते हैं?

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

### ??????????:

**प्रश्न. 'हैंड-इन-हैंड 2007' संयुक्त आतंकवाद वरोधी सैन्य प्रशक्षिण भारतीय सेना के अधकारियों और नम्निलखिति में से कसि देश की सेना के अधकारियों द्वारा आयोजति कयिा गया था? (2008)**

(a) चीन
(b) जापान
(c) रूस
(d) संयुक्त राज्य अमेरकिा

**उत्तर: (a)**

---

### ?????

**प्रश्न. चीन-पाकसि्तान आर्थकि गलयािरा (CPEC) को चीन की बड़ी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल के मुख्य उपसमुच्चय के रूप में देखा जाता है। CPEC का संक्षप्ति ववरिण दीजयि और उन कारणों का उल्लेख कीजयि जनिकी वज़ह से भारत ने खुद को इससे दूर कयिा है। (2018)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-china-disengagement-along-the-lac